## खास-खबरें

### धान तस्करों के विरुद्ध सख्ती अवैध परिवहन करते दो वाहनों पर की गई कार्यवाही



**अनुपपुर।** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड रीवा शहडोल श्री एच.आर. लारिया के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के बरबसपुर अनूपपुर के पास वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 2605 (पिकअप) में केशवाही (शहडोल) से अनूपपुर के लिए 60 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाया गया जिस पर अनूपपुर मंडी में 8312 रुपए का जुर्माना जमा कराया गया। इसी प्रकार मुंडा (जैतहरी) के पास वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 2775 (पिकअप) में वेंकटनगर से छत्तीसगढ़ के लिए 68 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाया गया जिस पर जैतहरी मंडी में 8753 रुपए का जुर्माना जमा कराया गया।

### 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना ।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (ग्रामीण) एलआर जांगडे द्वारा आदेशानुसार पानी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु होने पर 2 व्यक्तियों पर 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जारी आदेशानुसार निवासी ग्राम पोइधाकला मोहनलाल विश्वकर्मा के पुत्र की सर्पदंश एवं निवासी ग्राम करही कोठार श्रीमती पानबाई के पुत्र की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन करने हेतु जिला स्तरीय दल गठित

**सतना।** संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल से प्राप्त निर्देशों के पालन में उपार्जन नीति अनुसार किसानों को धान, सोयाबीन खरीदी केन्द्रों पर विक्रय की सुचारू व्यवस्थाओं के आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए जिला स्तरीय दल गठित किया गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेश में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप को नोडल अधिकारी, सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी एवं संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौपा गया है। इसी प्रकार तकनीकी सहायक गणेश प्रसाद मिश्रा एवं तकनीकी सहायक पुष्पेन्द्र पाल को सहायक का दायित्व गया है। जिला स्तरीय गठित दल उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे एवं प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। खरीदी केन्द्रों में कमियां पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों को कमी पूर्ति हेतु निर्देशित करेंगे।

### कलेक्टर ने सिविल सर्जन को दिया नोटिस

**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता को कारण बताओ नोटिस दिया है। समाधान ऑनलाइन में चयनित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में रूचि न दिखाने तथा उपचार सहायता एवं फालोअप के प्रकरणों का निराकरण न करने पर यह नोटिस दिया गया है। सिविल सर्जन को नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा का पालन न करने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### जनकल्याण के लिए विकासखण्डों में शिविरों का आयोजन करें : कमिश्नर

**सतना।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को लोक कल्याण शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि आमजनता के आवेदन पत्रों के मौके पर निराकरण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए लोक कल्याण शिविरों का आयोजन करें। प्रत्येक विकासखण्ड में हर तीन माह में कम से कम एक शिविर का आयोजन करें। शिविर की तिथियों तथा स्थान का निर्धारण करके उसका ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, जिससे अधिक से अधिक आमजन इसका लाभ उठा सकें।

कमिश्नर ने कहा कि लोक कल्याण शिविरों में जिला और विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। शिविरों में आमजनता से संवाद कर शासन की योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त करें। कलेक्टर प्रत्येक शिविर का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। शिविरों की विकासखण्डवार तथा माहवार तिथियों का निर्धारण करके उसकी प्रति प्रस्तुत करें।

**योजनाओं का लाभ** आमजनों तक पहुंचाने के लिए नवाचार करें

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का लक्ष्य के अनुसार निराकरण करें : कमिश्नर

रीवा



**कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का लाभ आमजनता तक पहुंचाने के लिए नवाचार करें।**

आगामी बैठक में नवाचार के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावी बनाएं। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के एजेण्डा बिन्दुओं के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। इस सप्ताह चिकित्सा शिक्षा विभाग, पीएचई विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग ने अच्छा निराकरण किया है।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कई विभागों में न्यायालयीन प्रकरण तथा पेंशन प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाबदावा दायर कराएं। साथ ही प्रकरण के संबंध में शासकीय अधिवक्ता से संपर्क कर विभाग का पक्ष न्यायालय में प्रस्तुत करें। लंबित पेंशन प्रकरणों की कमियाँ दूर करके 15 दिवस में इनका निराकरण कराएं। संभागीय अधिकारी तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जिलेवार तथा विकासखण्डवार जानकारी प्रस्तुत करें। मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल बिगड़े ट्रांसफार्मर बदलने का अभियान चलाएं। किसानों से न्यूनतम राशि जमा कराकर खराब ट्रांसफार्मर बदलें। बिजली की नियमित आपूर्ति तथा बिलों की वसूली पर ध्यान दें। कमिश्नर ने बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त अनुसूचित जाति तथा जनजातीय कल्याण विभाग, संयुक्त संचालक शिक्षा को नोटिस देने तथा प्रभारी अधिकारी पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में संभाग के सभी जिलों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सभी अधिकारी और कर्मचारी इनमें स्वेच्छा से रक्तदान करके पीड़ितों की सेवा के यज्ञ में अपना योगदान दें। आपके थोड़े से रक्तदान से पीड़ित को जीवनदान मिलेगा। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी नियमित रूप से रक्तदान करना लाभदायक होता है। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य रक्तदान शिविर की तिथियों का निर्धारण करके इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने खाद और बीज के वितरण, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, धान उपार्जन की तैयारियों तथा हैण्डपंपों के सुधार के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त दिव्या त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## दिसंबर माह में आयोजित होगा नेशनल अचीवमेंट सर्वे

सीधी

**राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुये जिला शिक्षा अधिकारी सीधी डॉ पी.एल. मिश्रा द्वारा समस्त प्राचार्यों और बी.आर.सी.सी. की बैठक गत दिवस शा.उ.मा.वि. क्र-2 सीधी में आयोजित की गई।**

बैठक में नेशनल अचीवमेंट सर्वे की पूर्व तैयारी हेतु शालाओं को उपलब्ध कराये गये मॉक टेस्ट के माड्यूल एक और दो पर किये गये कार्य विद्यार्थी को ओ.एम आर.शीट भरने हेतु प्राचार्यों का उन्मुखीकरण भी किया गया। एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में हुए नेशनल अचीवमेंट सर्वे में सीधी जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा। इस वर्ष भी जिले का स्तर सम्मानजनक हो इसके लिये छात्र उपस्थिति बढ़ाते हुये बार-बार अभ्यास कार्य एवं मांक टेस्ट करने हेतु प्राचार्यों को निर्देश दिये गये। बैठक में प्राचार्यों को स्कूल एनोवेशन मैराथन हेतु शिक्षकों का पंजियन एवं विद्यार्थियों की टीम बनाकर पोर्टल में इनोवेटिव आइडिया अपलोड करने के भी निर्देश दिये गये। 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य लेकर आगामी परीक्षा तक प्राचार्य मेहनत करें। नियमित रूप से रेमेडियल कक्षा और आवश्यकता पड़ने पर अवकाश दिनों में भी अतिरिक्त कक्षायें संचालित करें। विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास हेतु सभी शिक्षक समर्पण के साथ मेहनत करें। एक भारत श्रेष्ठ भारत, ओजस यूथ क्लब, कल्चरल ट्विंनिंग एवं जादू नही विज्ञान की गतिविधि नवम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। बैठक में सतीश भाटी, डायट प्राचार्य एच केरकेट्टा, डी.पी.सी. राजेश तिवारी, सहायक आयुक्त डॉ डी.के. द्विवेदी, आदित्य पाण्डेय, समस्त बी.आर.सी.सी. उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

अनुपपुर

**जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 55 आवेदन प्राप्त हुए।**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पाण्डेय, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम ठोढ़ीपानी निवासी बिरसू सिंह ने ठोढ़ीपानी ग्राम पंचायत अंतर्गत की गई वित्तीय अनियमितता के संबंध में, तहसील अनूपपुर अंतर्गत ग्राम ताराडांड़ के रामलाल सिंह ने वनाधिकार के तहत शासन द्वारा प्रदाय की गई पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने, तहसील कोतमा अंतर्गत ग्राम देवगवां निवासी श्री चौधरी भरिया ने भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने, तहसील कोतमा अंतर्गत ग्राम गोड़ारू के सीताराम पनिका ने उनके पट्टे की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर कार्यवाही किए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

### घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों का बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

**उमरिया ।** आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है । गत दिवस पाली विकासखण्ड में घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य किया गया, जिसका अवलोकन मुख्य चिकित्सा एवं स्वाा0 अधिकारी डा एस बी चौधरी व्दारा किया गया। उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नही रहें, इसका ध्यायन रखा जाए। उन्होने बताया कि आयुष्मान कार्ड बन जाने पर पांच लाख रूपये तक का निशुल्क इलाज हो सकेगा । इस अवसर पर डीसीएम , डीपीसी बीसीएम उपस्थित रहे।

## बबलू सिंह को मिली ट्राइसाइकिल

सीधी

**नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है।**



इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 145 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सीधी के ग्राम मड़वा से आये बबलू सिंह ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि लकवा के कारण वह चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगे और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले एक बार ट्राई सायकिल प्राप्त हुई थी लेकिन अब वह चलने लायक नहीं है। आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर बबलू सिंह खुश और संतुष्ट दिखे।

## अंतरराष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस 16-17 नवंबर को

**इंदौर।** हरि योग केंद्र चेरिटेबल ट्रस्ट, इंदौर द्वारा अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (योग विभाग) के सहयोग से 16-17 नवंबर को चोइथराम नेत्रालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस एवं राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।



शुभारंभ-कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव और सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा, प्रमुख समाजसेवी श्री प्रेम गोयल के आतिथ्य में किया जाएगा। प्रतिभागी-यह आयोजन इंदौर में पहली बार हो रहा है, जिसमें 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें मध्यप्रदेश के बाहर के शहरों और 7 विदेशी प्रतिभागी भी शामिल हैं। प्रमुख वक्ता-सम्मेलन में 11 प्रतिष्ठित वक्ता अपने व्याख्यान देंगे, जिनमें शामिल हैं: डॉ. बिस्बवरूप राय चौधरी (न्यूट्रिशन विशेषज्ञ, नई दिल्ली) श्री रामकृष्ण वी. आर. (एसवीवायएएसए) एसवीवायएएसए स्वामी प्रबुद्धनंदजी (चिन्मय आश्रम) डॉ. प्रकाश मालशे (वाराणसी) डॉ. राजेश्वर शास्त्री मूसलगांवकर (विक्रम विश्वविद्यालय) डॉ. रजत वर्मा (हड्डीरोग विशेषज्ञ और गीता विद्वान) डॉ. जी. मंजूनाथ डॉ. मृत्युंजय राठौर (एम्स रायपुर, विभाग प्रमुख, एनाटॉमी) डॉ. कप्तान सिंह (रावतपुरा यूनिवर्सिटी, छत्तीसगढ़) डॉ. भारत रावत (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ. रचना वर्मा (पेन स्पेशलिस्ट) व्याख्यान के विषय सम्मेलन में निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान होंगे: स्नावयिक दोष निवारण में योग की भूमिका युवा वर्ग को योग से जोड़ने की प्रेरणा मस्तिष्क पर ध्यान के प्रभाव का श्वश्वत्न द्वारा मापन नवीन शिक्षा नीति में योग की भूमिका चयापचय विकार और रोग मानव अस्तित्व पर नाद के प्रभाव भगवद्गीता में वर्णित तनाव प्रबंधन की तकनीक वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुशंसित योगाभ्यास विशेष गतिविधियाँ, पत्रिका का विमोचन: योग विषयों पर आधारित। साइंटिफिक पेपर: 30 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। पोस्टर प्रदर्शनी: 100 से अधिक प्रतिभागी विभिन्न आसनों, आहार, और योग से संबंधित पोस्टर प्रदर्शित करेंगे। योग क्विज: डॉ. दिलीप आचार्य द्वारा। लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और विशेष अभिनंदन। अन्य आकर्षण, 20 योग स्टॉल: आहार, ऑर्गेनिक फूड, बोन मैरो डेंसिटी, निशुल्क रक्त जांच, ईसीजी, योग साहित्य और योग थेरेपी के स्टॉल। योग आसन प्रदर्शन, योग हृदय प्रदर्शन, योग आकृति नृत्य। संगीत और मनोरंजन कार्यक्रम (16 नवंबर रात्रि) 200 से अधिक प्रतिभागी नेत्रालय परिसर में ठहरेंगे और वायुस्नान, प्राकृतिक भ्रमण का अनुभव करेंगे। आयोजन की तिथि और समय-कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ 16 नवंबर, शनिवार सुबह से होगा और समापन 17 नवंबर, रविवार दोपहर 1 बजे किया जाएगा।आयोजन टीम-अध्यक्ष: श्री अश्विनी वर्मा, सचिव डॉ. संजय लोंढे, कोषाध्यक्ष श्री बालकृष्ण भलिका।

## जिला स्तरीय साधिकार समिति की बैठक संपन्न

रीवा

**कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साधिकार समिति की बैठक में पुनर्घनत्वीकरण योजना के लिए रीवा शहर में निवर्तन योग्य भूमियों के संबंध में चर्चा की गई।**

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में संभागायुक्त आवासीय परिसर एवं उसके समीप स्थित एनएच कार्यालय परिसर, जिला पंचायत कार्यालय की भूमि, पुराना बस स्टैण्ड तथा जनपद कार्यालय रीवा परिसर एवं दुकानों के संबंध में क्षेत्रफलवार कलेक्टर गाइडलाइन की दर व मूल्य के अनुसार पुनर्घनत्वीकरण योजना से नवीन संरचनाओं के निर्माण पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पॉलिटेक्निक कालेज के सामने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के आवासीय परिसर एवं जेल परिसर स्थित शासकीय भूमि के निवर्तन पर भी चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कालेज की बाउन्ड्रीवाल, कलेक्ट्रेट में टायलेट निर्माण सहित सुपर स्पेशलिटी के डाक्टर्स क्वाटर्स तथा सिविल लाइन में नवीन आवासीय भवनों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं। उन्होंने आयुर्वेद कालेज भवन का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए।

**स्पेशल खबर** वर्तमान अधीक्षक को नहीं मिल रहा प्रभार, बालक आश्रम चलाने में हो रही असुविधा...

# अधीक्षक ने आदिवासी बालक आश्रम के खाते से निकाली राशि

सीधी/सिंगरोली।

**जन,जातिय कार्य विभाग के तीन अधीक्षक बालक आश्रम में गड़बड़ी किए जाने पर ।श्रीमान कलेक्टर एवं जनजातिय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त तत्काल बालक आश्रम से हटा दिया गया।**

कन्या आश्रम बमुरी के अधीक्षिका संस्था से अवकाश समय में कन्या आश्रम खाता क्रमांक से 19 सितंबर 24 राशि 50 हजार रुपए,दिनांक 4 अक्टूबर को राशि 50 हजार रुपए 4 अक्टूबर को 50 हजार रुपए 4 अक्टूबर को15 हजार 18 अक्टूबर 40 हजार रुपए कुल राशि 2 लाख 5 हजार, बमुरी, अधीक्षिका श्रीमती सविता नागर ने कन्या आश्रम से शासकीय राशि का आहरण लिया । बालक आश्रम दुधमनिया श्री महावीर सिंह अधीक्षक के द्वारा आश्रम खाता क्रमांक से 18 अक्टूबर 24 राशि 50 हजार ओम ट्रेडर्स के नाम से 18 अक्टूबर को 30 हजार रुपए दिनांक 18 अक्टूबर को 20 हजार रुपए ओम ट्रेडर्स के नाम 18 अक्टूबर को 2 हजार 500 रूपए 18 अक्टूबर आशीष किराना स्टोर के नाम से 22 हजार 225 रूपए कुल राशि एक लाख चौबिस हजार पच्चिस रूपए,बालक आश्रम खाता क्रमांक से राशि,का आहरण किया गया है। बालक आश्रम चौपाल पवई अधीक्षक द्वारा 18 अक्टूबर को भवन निर्माण एवं मरम्मत के कार्य के नाम पर 50 हजार,रूपये निकाल कर छ: हजार तीन सौ रूपए शेष छोड़कर अधीक्षक संतोष सिंह चौहान बालक आश्रम खाता से एक,बार में निकाल लिया गया आहरण करने वाले अधीक्षक को श्रीमान कलेक्टर एवं जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त डी,के, द्विवेदी जी अधीक्षक कार्य से तत्काल हटाकर दिया गया।




नए अधीक्षक का नियुक्त किया गया। आश्रम सुचार रूप से संचालित हो सके। हालांकि वर्तमान अधीक्षक ने बैंक खाता स्टेटमेंट जब निकलने बाद राशि आहरण खुलासा हुआ । पूर्व अधीक्षक के द्वारा अभी तक प्रभार नहीं सौंपा गया अभी अधीक्षक कार्यालय में ताला बंद है । अधीक्षक को अभिलेख भी नहीं मिला इस कारण बड़ी,दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रभार न मिलने पर वर्तमान अधीक्षक ने कलेक्टर एवं प्रशासक, जन जातिय कार्य विभाग,के सहायक आयुक्त को पत्र देकर पूर्व अधीक्षकों को प्रभार सौंपा जानें का अनुरोध किया है।हालांकि इस तरह कृत्य करने वाले अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही होना चाहिए। जानकारी मिली के जनजाति कार्य विभाग के अधिकारी सहायक आयुक्त ,द्विवेदी द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण कर छात्रावासों एवं आश्रमों का, समय-समय पर निरीक्षण किया जाता हैं। गड़बड़ी करने वालें अधीक्षक पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। कुछ क्षेत्रों के अधीक्षक अपने कार्य सही रूप से निर्वहन नहीं किया जा रहा इस पर सहायक आयुक्त को ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

### प्राप्त आवेदनों का अधिकारी करें तत्परता से निराकरण : कलेक्टर

**उमरिया ।** उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है।

उन्होने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं। बैठक में अपर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।